बिहार विधान परिषद्

187वां सत्र

तारांकित प्रश्न
वर्ग – 3

8 अग्रहायण, 1939 (श.)
बुधवार, तिथि --------------------------------
29 नवम्बर, 2017 ई.

प्रश्नों की कुल संख्या – 16

1.	राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग	....	....	09
2.	नगर विकास एवं आवास विभाग	....	....	03
3.	सामान्य प्रशासन विभाग	....	....	01
4.	खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग	....	....	01
5.	आपदा प्रबंधन विभाग	....	....	01
6.	पर्यटन विभाग	....	....	01

		कुल योग –		**16**

अतिक्रमण मुक्त कबतक

* 23. **प्रो. नवल किशोर यादव** एवं **श्री राजकिशोर सिंह कुशवाहा** : क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत प्रखंड-सकरा के राजस्व ग्राम-रामनगर-लक्ष्मणनगर में स्थित चक (खेसरा) नं.-997, 525, 555 जो सरकारी भूखंड व प्रधानमंत्री सड़क है, को अतिक्रमणकारियों द्वारा अतिक्रमित कर लिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त पथ अतिक्रमित होने के कारण आम जनता एवं गाड़ियों के परिचालन में घोर कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(ग) क्या यह सही है कि ग्रामीणों द्वारा दिनांक-24.10.2017 को इसकी लिखित शिकायत अंचलाधिकारी, सकरा को भी दी गयी है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड 'क' में वर्णित खेसरा (चक) नं.-997, 525, 555 को अविलम्ब अतिक्रमण मुक्त कराते हुए आम जनता के लिए आवागमन एवं गाड़ियों का परिचालन सुलभ कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

जमीन उपलब्ध कब तक

* 24. **श्री नीरज कुमार** : क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि क्षेत्रीय आयुर्वेद संस्थान, पटना में जमीन नहीं मिलने के कारण नालंदा में शिफ्ट करने का फैसला केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने लिया है;

(ख) क्या यह सही है कि सरकार ने नालंदा विश्वविद्यालय के समीप पांच एकड़ जमीन उपलब्ध कराने हेतु जिलाधिकारी, नालंदा को निदेश दिया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जमीन में देरी के कारण भवन निर्माण में रूकावट दूर करना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

सड़क का पक्कीकरण

*** 25. प्रो. संजय कुमार सिंह** : क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि पटना जिले के पूर्वी रामकृष्ण नगर में रतन लक्ष्मी गैस गोदाम बाइपास के पश्चिम सड़क (महादलित टोला) जो भोनू बेलदार के घर तक जाती है, अत्यंत जर्जर है;

(ख) क्या यह सही है कि मुख्यमंत्री के सात निश्चय योजना अन्तर्गत उक्त सड़क के पक्कीकरण के संबंध में वित्तीय वर्ष 2016-17 में पटना नगर निगम के प्राक्कलन के अनुसार 17 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है, किन्तु कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इस सड़क का पक्कीकरण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

अतिक्रमण मुक्त कब तक

*** 26. श्री सी. पी. सिन्हा** : क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि बिहार के कई जिलों में पोखर, मन, झील, आहर-पाईन, नहर-नाला, नदियों आदि सार्वजनिक जलस्रोत अतिक्रमण का शिकार है;

(ख) क्या यह सही है कि सार्वजनिक क्षेत्र के जल निरसरण संरचनाओं का अतिक्रमण करने से सिंचाई से लेकर पेयजल तक का संकट हो गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार बिहार सूबे के सार्वजनिक जल स्रोतों से अतिक्रमण मुक्त करने की क्या योजनाएं हैं, कबतक अतिक्रमण मुक्त कराने पर सरकार विचार करती है, नहीं तो क्यों ?

अमीनों के विरुद्ध कार्रवाई

*** 27. श्री केदार नाथ पाण्डेय** : क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि बेगूसराय जिला सहित राज्य के अन्य जिलों में जमीन सर्वे का काम चल रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि कि सर्वे का काम निजी अमीन के माध्यम से कराया जा रहा है जिनके पास रजिस्टर-।। सहित अन्य सरकारी भूदस्तावेज नहीं है;

(ग) क्या यह सही है कि जिला बन्दोवस्त पदाधिकारियों द्वारा इन अमीनों को नाजायज पैसा लेकर हलका आवंटित कर दिया गया है तथा इन अमीनों द्वारा भूस्वामियों विशेष रूप से पर्चाधारियों गैरमजरुआ बन्दोवस्त धारकों छोटे किसानों से जमीन का कागज दुरूस्त करने के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है;

(घ) क्या यह सही है कि बेगूसराय जिला में ऐसे अवैध वसूली करते एक अमीन को निगरानी द्वारा पकड़ा भी गया है;

(ड़) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार सर्वे बन्दोवस्ती का कार्य हल्का कर्मचारी एवं अंचलाधिकारी के माध्यम से कराये जाने तथा भूस्वामियों से अवैध वसूली करने वाले अमीनों के विरुद्ध कार्रवाई करना चाहती है ?

प्राकृत भाषा को शामिल कबतक

* 28. **श्री कृष्ण कुमार सिंह** : क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि पाली, संस्कृत, फारसी, अरबी आदि की तरह ही बिहार सहित भारत के अनेक विश्वविद्यालयों में प्राकृत भाषा पढ़ाई जाती है;

(ख) क्या यह सही है कि प्राकृत भाषा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) में एक विषय के रूप में स्वीकृत है, परन्तु बिहार लोक सेवा आयोग में प्राकृत भाषा को अबतक स्वीकृत विषयों की सूची में शामिल नहीं किया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्राकृत भाषा को बिहार लोक सेवा आयोग में ऐच्छिक विषय के रूप में शामिल करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक ?

राशि का भुगतान

* 29. **श्री सूरज नंदन प्रसाद** : क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत प्रखंड सकरा, पंचायत विष्णुपुर बघनगरी के ग्राम रामनगर लक्ष्मणनगर में परमानेन्ट लैंड एक्यूजीशन प्लान कदाने सिंचाई योजना के बायें तटबंध का नहर ई.एफ. का निर्माण 30/10/69 ई. को हुआ है;

(ख) क्या यह सही है कि ग्राम रामनगर लक्ष्मणनगर के अंतर्गत थाना नं.-804 जिसकी चौड़ाई 89.5 कड़ी है जिसका चक नं. - 1044, 1043, 826, 1039, 1038, 834, 836, 1037, 837, 873, 1029, 843, 1028, 1027, 1024, 1026, 1022, 1021, 1020, 1019, 1008, 1007, 1006, 1004, 1003, 960, 959, 958, 957, 956, 1049 है इसका सीमांकन सरकार द्वारा अबतक नहीं हुआ है और न ही शेष बचे किसानों की जमीन का मुआवजा ही मिला है;

(ग) क्या यह सही है कि वर्ष 1969-70 में इस्तेहार निकालकर कुछ किसानों को जमीन का मुआवजा दिया भी गया था;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड -ख' में वर्णित चक नं.- का सीमांकन कराकर शेष बचे किसानों को जमीन की मुआवजा राशि का भुगतान यथाशीघ्र करना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई

* 30. **श्री वीरेन्द्र नारायण यादव** : क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(क) क्या यह सही है कि जयप्रकाश विश्वविद्यालय छपरा में अवस्थित है;

(ख) क्या यह सही है कि जय प्रकाश विश्वविद्यालय छपरा के अधिगृहीत 250 एकड़ भूमि पर स्थानीय दबंगों द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त भूमि को अतिक्रमण से बचाने के लिए वर्षों से गुहार लगाने के बावजूद भी स्थानीय प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अविलंब जय प्रकाश विश्वविद्यालय की अधिगृहीत भूमि को दबंगों द्वारा कब्जा करने से बचाने के लिए ठोस कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक ?

बुनियादी सुविधा की कमी

* 31. **श्री रामचन्द्र भारती** : क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि पटना स्थित कृषि उत्पादन बाजार समिति, मुसलहपुर बिहार की सबसे बड़ी बाजार समिति है;

(ख) क्या यह सही है कि है उक्त बाजार समिति में पेयजल की सुविधा शौचालय की सुविधा तथा पार्किंग की व्यवस्था का घोर अभाव है, जिससे आनेवाले व्यापारियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस बाजार समिति में पेयजल, शौचालय आदि की बुनियादी सुविधा बहाल करना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

अभिकर्ता की नियुक्ति

* 32. **श्री मनोज यादव** : क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि बांका जिलान्तर्गत परिवहन-सह-हथालन अभिकर्ता (डी.एस.डी.) राज्य खाद्य निगम बांका की एकरारनामा अवधि विगत माह अक्टूबर में ही समाप्त हो चुकी है;

(ख) क्या यह सही है कि खंड 'क' में वर्णित पद की निविदा की सूचना का प्रकाशन आज तक नहीं हुआ है;

(ग) क्या यह सही है कि खंड 'क' में वर्णित तथ्यों में विभागीय पदाधिकारियों की मिलीभगत से निविदा नहीं कराकर गलत ढंग से अवधि विस्तार कर राजस्व लूटा जा रहा है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बांका जिला में परिवहन सह-हथालन अभिकर्ता की नियुक्ति हेतु निविदा का प्रकाशन यथाशीघ्र कर बिहार राज्य खाद्य निगम, बांका में हो रहे राजस्व लूट को रोकना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

लाइटों की मरम्मति

* 33. **श्री आदित्य नारायण पाण्डेय** : क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि गोपालगंज नगर परिषद में विगत 10 वर्ष पूर्व 06 हाईमास्क लाईट लगवाया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि सभी 06 हाई मास्क लाईट उचित मरम्मति के अभाव में बंद है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त सभी लाइटों के नहीं जलने से शहर वासियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त लाइटों की मरम्मति कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

गरीब परिवार को जमीन कबतक

* 34. **श्री राधाचरण साह** : क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि राज्य में गरीब भूमिहीन परिवार को आवास बनाने एवं कृषि करने के लिए सरकार जमीन उपलब्ध कराती है;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य में अभी तक जितने गरीब और भूमिहीन परिवार हैं इसका सर्वे सरकार के स्तर पर करवाया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि अभी तक कितने भूमिहीन परिवर को आवास और कृषि के लिए जमीन उपलब्ध कराई गई और शेष कितने परिवार को अगले वित्तीय वर्ष तक जमीन उपलब्ध कराई जाएगी;

(घ) क्या यह सही है कि राज्य में खतियान का पासबुक बनाने का भी प्रस्ताव है;

(ड़) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक गरीब भूमिहीन परिवार को जमीन और राज्य के सभी किसानों को जमीन का (खतियान) का पासबुक उपलब्ध कराने का विचार रखती है ?

सहायता राशि उपलब्ध कबतक

* 35. **डा. दिलीप कुमार जायसवाल** : क्या मंत्री, आपदा एवं प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि 12 अगस्त, 2017 को पूर्णिया, अररिया एवं किशनगंज जिलों में आई प्रलयकारी बाढ़ के कारण लाखों लोग बेघर हो गए हैं;

(ख) क्या यह सही है कि बाढ़ पीड़ित परिवारों को 6000 रुपया जी.आर. देने का प्रावधान सरकार द्वारा किया गया परन्तु सभी पीड़ितों को आज तक जी.आर. की राशि नहीं मिल पायी है;

(ग) क्या यह सही है कि इन जिलों में हजारों परिवार बाढ़ पीड़ित राशि के लिए सरकारी कार्यालयों एवं जन प्रतिनिधियों के यहां चक्कर काट रहे हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त तीनों जिलों के बचे हुए सभी बाढ़ पीड़ितों को सहायता राशि उपलब्ध कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

सड़क को अतिक्रमण से मुक्त

* 36. **श्री विजय कुमार मिश्र** : क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि बांका जिला के शंभूगंज प्रखंड के रायपुरा धरमपुर पथ पर बने सभी नाले को भर कर अपना कब्जा जमा लिया है;

(ख) क्या यह सही है कि इस रोड में बाजार चटमा में दो दुर्गा स्थान काली स्थान पूजा धूम-धाम से मनाया जाता है जिसमें लाखों श्रद्धालु इसी रास्ते से तेलडिहा जाते हैं, जहां लाखों की भीड़ रहती है, रोड के अतिक्रमण से सभी रास्ता बंद हो चुका है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सड़क को अतिक्रमण से मुक्त कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

अतिक्रमण मुक्त

* 37. **श्री दिलीप राय** : क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत डुमरा प्रखंड के कैलाशपुरी श्मशान घाट को असामाजिक तत्वों द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार उक्त श्मशान घाट की नापी सरकारी अमीन द्वारा करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक ?

शताब्दी महोत्सव कबतक

* 38. **श्री राजेश कुमार उर्फ बब्लू गुप्ता** : क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि चंपारण के पुराने मुख्यालय मोतिहारी में सत्याग्रह शताब्दी वर्ष प्रारंभ हो चुका है;

(ख) क्या यह सही है कि देश-विदेश के पर्यटक सत्य-अहिंसा के बापू की धरती को नमन करने आते हैं;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त स्थलों का विकास भी विभागीय स्तर पर किया जा रहा है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शताब्दी वर्ष समारोह अप्रैल, 2018 सत्याग्रह शताब्दी महोत्सव मोतिहारी में कराने का विचार रखती है ?

पटना
दिनांक 29 नवम्बर, 2017 ई.

सुनील कुमार पंवार
सचिव
बिहार विधान परिषद्